प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 06.04.2025 समय : 01:00 पी.एम.

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह आज प्रदेश दौरे पर रहेंगें श्री शाह कोटपूतली–बहरोड़ जिले के पावटा में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों में शामिल होंगें गृह मंत्री बावडी स्थित योगी बाबा बालनाथ की तपोस्थली पर आयोजित 108 कुंडीय रूद्र महामृत्युंजय महायज्ञ की पूर्णाहूति में भाग लेंगें इस अवसर पर श्री शाह सनातन धर्म सम्मेलन को भी संबोधित करेंगें परम्परा और अध्यात्म के इस भव्य धार्मिक आयोजन में राजस्थान सहित अन्य राज्यों से भी श्रद्धालु शामिल होंगें कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव, जयपुर ग्रामीण सांसद रावराजेन्द्र सहित कई विधायक भी शिरकत करेंगें

.............................................................

भारतीय जनता पार्टी आज अपना स्थापना दिवस मना रही हैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा ने पार्टी के स्थापना दिवस पर कार्यकर्ताओं को बधाई दी हैं राज्यस्तरीय कार्यक्रम जयपुर में भाजपा कार्यालय में रखा गया हैं मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, उप मुख्यमंत्री प्रेम चन्द बैरवा, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष मदन राठौड सहित कई मंत्री और विधायक इसमें शामिल हो रहे हैं जिलों में भी स्थापना दिवस समारोहपूर्वक मनाया जा रहा हैं स्थापना दिवस कार्यक्रमों की श्रंखला 13 अप्रैल तक चलेगीं

.............................................................

प्रदेश में राष्ट्रीय राजमार्ग 21 पर 9 फ्लाई ओवर्स बनाये जायेंगें इनमें से 6 दौसा जिले में और 3 जयपुर जिले में बनेंगें सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने इसकी मंजूरी दे दी हैं इन पर करीब 286 करोड़ रूपये खर्च किये जायेंगें सड़क हादसो की रोकथाम के लिए चिन्हित 9 ब्लेक स्पॉट्स पर ये फ्लाई ओवर बनेंगें इससे हाईवे को जीरो एक्सीडेंन्ट जोन बनाने की दिशा में मदद मिलेगीं दौसा में बालाजी मोड़, मानपुरा चौराहा, जीरोता कट, दौसा बाईपास, कलक्ट्रेट और पुलिस लाईन चौराहे पर ये फ्लाई ओवर बनेंगें वहीं जयपुर जिले में बांसखोह फाटक, बस्सी चक और कानोता बस अड्डे पर इन्हें बनाया जा रहा हैं

.............................................................

प्रदेश में पांचवी कक्षा की बोर्ड परीक्षाएं कल से शुरू हो रही हैं राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से ली जाने वाली ये परीक्षाएं 17 अप्रैल तक चलेगीं बोर्ड के सचिव कैलाश चन्द्र शर्मा ने बताया कि इन परीक्षाओं के लिए 13 लाख 58 हजार विद्यार्थी पंजीकृत हैं इसके लिए 19 हजार 578 परीक्षा केन्द्र बनाये गये हैं उन्होंने बताया कि अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र जारी कर दिये गये हैं

.............................................................

रामनवमी का पर्व आज परम्परागत श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा हैं यह त्योहार भगवान विष्णु के सातवें अवतार भगवान राम के अवतरण का प्रतीक हैं रामनवमी चैत्र माह की नौवीं तिथि को मनाई जाती हैं रामनवमी के अवसर पर प्रदेशभर में मेले, शोभायात्राएं और अन्य धार्मिक आयोजन हो रहे हैं जैसलमेर जिले के रामकुंडा के प्राचीन राममंदिर में आकर्षक सजावट की गई हैं हनुमानगढ के भद्रकाली माता मंदिर में भी विशेष पूजा अर्चना की जा रही है और बडी संख्या में दर्शनार्थी पंहुच रहे हैं सवाईमाधोपुर के चौथ का बरवाडा स्थित चौथ माता मंदिर में भी श्रद्धालुओं की भारी भीड उमड रही हैं ब्रज क्षेत्र भरतपुर में भी रामनवमी का उल्लास छाया हुआ हैं करौली, बाडमेर, डूंगरपुर, हनुमानगढ़ भीलवाडा और जालोर में शोभायात्रा निकाली गई

.............................................................

प्रदेश में गर्मी का असर तेज हो गया हैं मौसम विभाग ने राज्य के दो जिलों बाडमेर और जैसलमेर में अत्यधिक गर्मी की स्थिति को देखते हुए तेज लू का ऑरेंज अलर्ट जारी किया हैं वहीं 9 जिलों में लू का यलो अलर्ट जारी किया गया हैं ये स्थिति 9 अप्रैल तक बनी रह सकती हैं अगले दो दिनों में पश्चिमी हवाओं का प्रभाव अधिक बढने की संभावना हैं इससे बाडमेर जालौर और जैसलमेर में कुछ स्थानों पर तापमान 45 डिग्री सैल्सियस से अधिक हो सकता हैं इस बीच कल बाडमेर में पारा 43

दशमलव 6 डिग्री सैल्सियस तक पहुंच गयां वहीं कोटा, चित्तौडगढ, जालौर, जैसलमेर और जोधपुर में भी अधिकतम तापमान 40 डिग्री सैल्सियस से ऊपर दर्ज किया गयां

..............................................................

जयपुर में आज से एफ्रो फ्रेंच फिल्म फेस्टिवल की शुरूआत हो रही हैं फ्रांसीसी दूतावास के सहयोग से इसका आयोजन किया जा रहा हैं ये फेस्टिवल राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में किया जा रहा हैं 18 अप्रेल तक चलने वाले इस फेस्टिवल में कई फिल्मों का प्रदर्शन किया जायेगां सेनेगल की ले मेंडेट फिल्म के साथ आज इसकी शुरूआत होगीं

..............................................................

आईपीएल क्रिकेट में आज सनराईजर्स हैदराबाद और गुजरात टाईटन्स की टीमे आमने—सामने होंगीं ये मुकाबला हैदराबाद में शाम साढे सात बचे से खेला जायेगां इससे पहले कल खेले गये मैच में राजस्थान रॉयल्स ने पंजाब किंग्स को हरा दियां एक अन्य मैच में, डेल्ही कैपिटल्स ने चेन्नई सुपर किंग्स को 25 रनों से मात दीं डेल्ही के 184 रन के लक्ष्य के जवाब में चेन्नई सुपर किंग्स 158 रन की बना सकीं

..............................................................